रजिस्ट्री सं. डी. एल. 33001/97 Regd. No. D L 33001/97

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 3, 1998/पौष 13, 1919
No. 1] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 3, 1998/PAUSA 13, 1919

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

**भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)**
**PART II—Section 3—Sub-section (i)**

**भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)**

General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the General Authorities (other than the Administration of Union Territories)

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर, 1997

सा.का.नि.1.—केन्द्रीय सरकार, आयुध अधिनियम, 1959 (1959 का 54) की धारा 44 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आयुध नियम, 1962 का और संशोधन करने के लिये निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम आयुध (संशोधन) नियम, 1997 है।

(2) ये राजपत्र के प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. आयुध नियम, 1962 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) के नियम 47 के उपनियम (4) के स्थान पर, निम्नलिखित उपनियम रखा जायगा, अर्थात् :—

"(4) निक्षिप्त की गई चीजों की अभिरक्षा के लिये निक्षेपक से निम्नलिखित दरों पर फीस प्रभारित की जा सकेगी :—

1. प्रत्येक अग्न्यायुध के लिये————————प्रतिवर्ष या उसके किसी भाग के लिये पचास रुपये।

2. हर अन्य शस्त्र या गोलाबारूद के पैकेज के लिये————————————प्रतिवर्ष या उसके किसी भाग के लिये 25 रुपये।

चीजों को अच्छी दशा में रखने के लिये कोई अतिरिक्त प्रभार ऐसी दरों पर उद्ग्रहीत किये जा सकेंगे जिन्हें राज्य सरकार समय-समय पर नियत करे।

3. उक्त नियमों के नियम 57 में,—

(i) उपनियम (1) के खंड (क) के स्थान पर, निम्नलिखित खंड रखा जायगा, अर्थात् :—

"(क) इन नियमों के अधीन अनुदत्त या नवीकृत प्रत्येक अनुज्ञप्ति, अभिव्यक्त रूप से जैसा



3235 GI/97—1

अन्यथा इसमें उपबंधित है, उसके सिवाय, अनुसूची–4 में, विनिर्दिष्ट फीस से (यदि कोई हो) प्रभार्य होगी।"

(ii) उपनियम (2) के खंड (ख) में, "5 रुपये" अंक और शब्द के स्थान पर, "100रु." अंक और अक्षर रख जायेंगे।

4. उक्त नियमों के नियम 58 में,—

(i) खण्ड (क) में, "50 पैसे" अंक और शब्द के स्थान पर , "50रु." अंक और अक्षर रखे जायेंगे।

(ii) खण्ड (ख) में, "एक रुपये" शब्दों के स्थान पर, "100रु." अंक और अक्षर रखे जायेंगे।

5. उक्त नियमों के नियम 59में,—

(i) खण्ड (क) में—

(क) "10 रुपये" अंक और शब्द के स्थान पर, "100रु." अंक और अक्षर रखे जायेंगे;

(ख) "5 रुपये" अंक और शब्द के स्थान पर, "50रु." अंक और अक्षर रखे जायेंगे।

(ii) खण्ड (ख) में, "5 रुपये" अंक और शब्द के के स्थान पर "50रु." अंक और अक्षर रखे जायेंगे।

6. अनुसूची 3 में,—

(i) प्ररूप 1, प्ररूप 2, प्ररूप 3(क), प्ररूप 4, प्ररूप 5, प्ररूप 6, प्ररूप 7, प्ररूप 8, प्ररूप 9, प्ररूप 10, प्ररूप 11, प्ररूप 12, प्ररूप 13, प्ररूप 14, प्ररूप 15, प्ररूप 16, प्ररूप 17, प्ररूप 18, प्ररूप 19, प्ररूप 20, प्ररूप 21 तथा प्ररूप 22 के फीस शब्द और उनसे संबंधित प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा;

(ii) प्ररूप 3 के स्थान पर, निम्नलिखित प्ररूप रखा जायगा, अर्थात् :—

"प्ररूप –3

आखेट/संरक्षा/प्रदर्शन के लिये आयुध या गोलाबारूद के अर्जन, कब्जे और वहन के लिये अनुज्ञप्ति—

1. इस प्ररूप में अनुज्ञप्तियों के आरंभिक अनुदान की बाबत और उनके अनुदान या नवीकरण के प्रत्येक पश्चात्वर्ती वर्ष की बाबत संदेय फीस अनुसूची 4 के अधीन क्रम सं. 3 के सामने यथा उपदर्शित दरों पर होगी।

2. घटी हुई फीस नवीकरण के लिये मामूली तौर से तभी ली जायगी जब नवीकरण के लिये आवेदन अनुज्ञप्ति की समाप्ति की तारीख के पश्चात् एक मास के भीतर किया जाये और यदि आवेदन उस कालावधि के भीतर नहीं किया जाता है तो अनुज्ञापन प्राधिकारी—

(क) अनुज्ञप्ति के आरम्भिक अनुदान के लिय दी जाने वाली पूरी फीस, स्वविवेकानुसार, उद्ग्रहीत कर सकेगा; और

(ख) यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि विलम्ब न्यायोचित्य या माफी-योग्य नहीं है और न ही इतना गंभीर है कि अनुज्ञप्ति के प्रतिसंहरण या अनुज्ञप्तिधारियों के अभियोजन को समर्थित करने के लिये काफी हो तो, विलम्ब फीस, जो अनुज्ञप्ति फीस की, यदि फीस प्रभारित की जाती है तो, रकम से अधिक न होगी, या अन्य मामलों में 100 रुपये जब तक वह अनुज्ञप्ति को नवीकृत करना आवश्यक न समझता हो, स्वविवेकानुसार, उद्ग्रहीत कर सकेगा।

3. जहां इस प्ररूप में कोई अनुज्ञप्ति एक वर्ष से अधिक की कालावधि के लिये अनुदत्त या नवीकृत की जाती है वहां फीस अनुसूची 4 के अधीन क्रम स. 3 के सामने विहित दरों पर संगणित की जायगी और वर्ष के किसी भी भाग को इस प्रयोजन के लिये पूरा वर्ष माना जायगा।

(i) परन्तु फीस—

(क) उन वास्तविक दरों पर होगी जो प्रथम वर्ष की बाबत आरम्भिक अनुदान के लिये अनुसूची 4 के अधीन क्रम सं. 3 के सामने विहित है; और

(ख) उस वार्षिक दर पर होगी जो प्रत्येक वर्ष की बाबत या प्रथम वर्ष के पश्चात् उसके किसी भी भाग की बाबत नवीकरण के लिये अनुसूची 4 के अधीन क्रम सं. 3 के सामने विहित है।

| अनुज्ञप्ति की क्रम सं. | अनुज्ञप्तिधारी का नाम, वर्णन और निवास स्थान | आयुध और गोलाबारूद, जिन्हें अनुज्ञप्तिधारी कब्जे में रखने का हकदार है | | | ऐसे प्रतिधारक (यदि कोई हो) को, जो अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आता है, नाम, उसके पिता का नाम और पता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रत्येक शस्त्र का संक्षिप्त वर्णन और व्यौरे, उदाहरणार्थ पहचान चिह्न, रजिस्टर संख्यांक, आदि | प्रत्येक गोलाबारूद की मात्रा और | | |
| | | | किसी एक समय पर कब्जे में रखी जा सकने वाली अधिकतम मात्रा | वर्ष के दौरान खरीदी जा सकने वाली अधिकतम मात्रा | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

| आयुध या गोलाबारूद, जिन्हें प्रतिधारक कब्जे में रखने का हकदार है | | क्षेत्र जिसके भीतर अनुज्ञप्ति विधिमान्य है | ††अनुज्ञप्ति किस तारीख को समाप्त होती है | अनुज्ञप्ति या आयुध या दोनों ही नियम 52(2) के अधीन अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष निरीक्षण के लिए किस तारीख को पेश किए जाएंगे |
|---|---|---|---|---|
| आयुध | गोलाबारूद | | | |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |

तारीख ..... 19

(मुद्रा)

नाम (स्पष्ट अक्षरों में) अनुज्ञापन प्राधिकारी के हस्ताक्षर

पदाभिधान .....

स्थान .....

या

नियम 4 के अधीन अनुज्ञप्ति को हस्ताक्षर करने के लिए विशेष रूप से सशक्त किए गए अधिकारी के हस्ताक्षर

पदाभिधान .....

स्थान .....

†असमुचित पद हटा दिए जाने चाहिए।

††शब्द "पर्यंतक" अनुसूची 2 की प्रविष्टि 3(ग)(ग) के अधीन जारी की गई अनुज्ञप्ति के आर-पार स्टाम्पित की जाएगी ।

††परन्तु जहां अनुज्ञप्ति के अनुदान के पश्चात् अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अर्जित किए जाने वाले आयुधों के कब्जे के लिए अनुज्ञप्ति प्ररूप 3, प्ररूप 4, प्ररूप 5 या प्ररूप 6 में अनुदत्त की जाती है वहां अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने वाला प्राधिकारी, उसे अनुदत्त करते समय, यह निदेश देगा कि वे आयुध, जो अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आते हैं, इस निमित्त उसके द्वारा विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर, जिसे वह समय-समय पर बढ़ा सकेगा, अर्जित कर लिए जाएंगे और यह कि अनुज्ञप्ति, या आयुधों, या दोनों को उसके निरीक्षण के लिए पेश किया जाएगा और यदि ऐसी विनिर्दिष्ट या बढ़ाई गई कालावधि के भीतर अनुज्ञप्तिधारी आयुधों को अर्जित करने में और, यथास्थिति, अनुज्ञप्ति या आयुधों, या दोनों, को पेश करने में असफल रहता है तो अनुज्ञप्ति ऐसी कालावधि के अवसान पर प्रवृत्त नहीं रह जाएगी।

अनुज्ञप्ति के नवीकरण का प्ररूप

| नवीकरण की तारीख और वर्ष | नवीकृत अनुज्ञप्ति किस तारीख को समाप्त होती है | नवीकरण करने वाले प्राधिकारी का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) हस्ताक्षर तथा पदाभिधान | नियम 4 के अधीन अनुज्ञप्ति पर हस्ताक्षर करने के लिए विशेष रूप से सशक्त किए गए अधिकारी के हस्ताक्षर और पदाभिधान | मुद्रा |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

शर्तें

1. यह अनुज्ञप्ति आयुध अधिनियम, 1959 और आयुध नियम, 1962 के सभी उपबन्धों के अध्यधीन अनुदत्त की जाती है।

2. यह केवल उसमें नामित व्यक्ति और उसमें वर्णित आयुध या गोलाबारूद और ऐसे प्रतिधारकों (यदि कोई हों) के लिए है, जो स्तम्भ 6 में प्रविष्ट किए जाएं :—

परन्तु यदि अनुज्ञप्तिधारी ऐसा मान्यता प्राप्त शिकार अभिकर्ता है जिसके पास केन्द्रीय सरकार का इस प्रयोजन का प्रमाणपत्र है तो वह अपने उन शस्त्रों को, जो उसकी अनुज्ञप्ति के अन्तर्गत आते हैं, अपने साथ रहने वाले ऐसे किसी विदेशी पर्यटक को, जिसके पास स्थानीय आखेट नियमों के अधीन उस क्षेत्र के लिए, जहां उस विदेशी पर्यटक द्वारा शूटिंग आशयित है, विधिमान्य शूटिंग अनुज्ञप्ति है, उस पर्यटक द्वारा उपयोग में लाए जाने के लिए उधार दे सकेगा

परन्तु यह और कि अनुज्ञप्तिधारी अपने शस्त्र को केवल उस व्यक्ति को, जो उस प्रकार के शस्त्र को कब्जे में रखने के लिए विधिपूर्वक हकदार है, आखेट के प्रयोजन के लिए एक पखवाड़े से अनधिक की कालावधि के लिए अस्थायी रूप से उधार इन शर्तों के अध्यधीन रहते हुए दे सकेगा कि :—

(क) शस्त्र का उपयोग, उधार लेने वाले व्यक्ति द्वारा अनुज्ञप्तिधारक की उपस्थिति में किया जाए या उसके ऐसे लिखित प्राधिकार के अधीन किया जाए, जिसमें शस्त्र का संख्यांक और अन्य पहचान-चिह्न, और ऐसी कालावधि, जिसके लिए वह उधार दिया गया है, दर्शित की जाएगी;

(ख) उधार लेने वाले व्यक्ति द्वारा शस्त्र का दुरुपयोग करने की दशा में या उसकी घोर उपेक्षा के कारण उसके चोरी हो जाने या खो जाने की दशा में उसके लिए दी गई अनुज्ञप्ति प्रतिसंहृत की जा सकेगी, और

(ग) उधार लेने वाला व्यक्ति, मांग की जाने पर, इस बात का सबूत पेश करेगा कि शस्त्र उधार दिया गया था।

3. यदि अनुज्ञप्तिधारी वास्तविक विदेशी पर्यटक है तो अनुज्ञापन प्राधिकारी उसकी अनुज्ञप्ति पर "पर्यटक" शब्द मुद्रांकित करेगा।

4. यह अनुज्ञप्ति स्तम्भ 9 में विनिर्दिष्ट विस्तार तक, अनुज्ञप्ति के उस राज्य के, जिसमें वह अनुदत्त या नवीकृत की गई है, बाहर के किसी क्षेत्र में प्रभावी होने की दशा में, किन्हीं ऐसे निर्बंधनों के, जो केन्द्रीय सरकार के किसी साधारण या विशेष आदेश द्वारा ऐसे क्षेत्र में आरोपित किए जाएं, अध्यधीन विधिमान्य होगी।

5. अनुज्ञप्तिधारी या इस अनुज्ञप्ति के अधीन कार्य करने वाला कोई प्रतिधारक किन्ही ऐसे आयुधों को, जो अनुज्ञप्ति के अन्तर्गत आते हैं, आखेट/संरक्षा/प्रदर्शन के लिए सद्भाविक रूप से अन्यथा वहन नहीं करेगा और, जहां उसे संबद्ध जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस निमित्त विशेष रूप से प्राधिकृत किया गया है वहां के सिवाय, वह ऐसे किन्ही आयुधों को किसी मेले, धार्मिक जलूस या अन्य सार्वजनिक मजमे में (या किसी शैक्षणिक संस्था के निवेश या प्रसीमाओं के भीतर) नहीं ले जाएगा।

6. अनुज्ञप्तिधारी, किन्ही आयुध या गोलाबारूद को खरीदने के समय, निम्नलिखित विशिष्टियां विक्रेता के हस्ताक्षर कराकर अपनी अनुज्ञप्ति पर पृष्ठांकित करवाएगा, अर्थात् :—

(क) उस व्यक्ति का नाम, वर्णन और निवास स्थान, जो खरीदी गई वस्तुओं का परिदान लेता है;

(ख) खरीदी गई वस्तुओं की प्रकृति और मात्रा;

(ग) खरीदने की तारीख;

और यदि आयुध या गोलाबारूद अनुज्ञप्ति व्योवहारी से भिन्न किसी व्यक्ति से खरीदे जाते हैं तो अनुज्ञप्तिधारी खण्ड (ख) और (ग) में विनिर्दिष्ट विशिष्टियां, लिखित रूप में, ऐसे प्राधिकारी को भी, जिसने वह अनुज्ञप्ति अनुदत्त की थी, ऐसी कालावधि के भीतर, जो ऐसे प्राधिकारी द्वारा इस प्रयोजन के लिए विहित की जाए, भिजवाएगा। किन्तु गोलाबारूद की कोई भी खरीदी अनुज्ञप्तिधारी के ऐसे लिखित प्रमाणपत्र पर के सिवाय अनुज्ञात नही की जाएगी जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि जितनी मात्रा में गोलाबारूद खरीदने की प्रस्थापना है उसे मिलाकर उसके कब्जे में के गोलाबारुद की कुल मात्रा उस अधिकतम मात्रा से, जिसे वह किसी एक समय पर कब्जे में रखने का हकदार है या वर्ष भर के लिए उसकी कुल अनुज्ञात मात्रा से, अधिक नहीं होगी।

7. वह किसी भी प्रकार का गोलाबारूद उस अधिकतम मात्रा से, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर नियत की जाए, अधिक नही खरीदेगा। ऐसी अधिकतम मात्रा एक कलेंडर वर्ष में, खरीदी जा सकने वाली मात्रा, और किसी भी एक समय पर कब्जे में रखी जा सकने वाली मात्रा, इन दोनों के लिए विहित की जा सकेगी। किन्तु यदि अनुज्ञप्तिधारी एक वर्ष में खरीदे जा सकने वाले गोलाबारूद की कुल मात्रा को वर्ष के अन्त से पहले ही निःशेष कर देता है तो, उसके लिए, खरीदी जा सकने वाली कुल मात्रा, में अच्छे और पर्याप्त कारणों से, अनुज्ञापन प्राधिकारी के विवेकानुसार, अस्थायी रूप से वृद्धि की जा सकेगी।

8. वह सरकारी आयुध और गोलाबारूद को कब्जे में नहीं रखेगा।

स्पष्टीकरण :—इस शर्त के प्रयोजन के लिए :—

(क) "सरकारी आयुध" से वह अग्न्यायुध या अन्य शस्त्र अभिप्रेत है जो सरकार की सम्पति है; और

(ख) "सरकारी गोलाबारूद" से किसी सरकारी कारखाने में विनिर्मित या सरकार के लिए निर्मित और सरकार को प्रदाय किया गया ऐसा गोलाबारूद अभिप्रेत है, जो उस गोलाबारूद से भिन्न हो, जो सिविलियन उपयोग के लिए सरकार द्वारा निर्मोचित किया जाए।

9. अनुज्ञप्तिधारी :—

(क) प्राधिकृत आफिसर द्वारा मांग की जाने पर इस अनुज्ञप्ति के अधीन कब्जे में रखे गए आयुध पेश करेगा;

(ख) किन्हीं ऐसे आयुध या गोलाबारूद या उनके किसी भाग को, जो इस अनुज्ञप्ति के अन्तर्गत आते हैं, किसी ऐसे व्यक्ति को, जो उन्हें कब्जे में रखने के लिए विधिपूर्वक हकदार नहीं है, न तो देवेगा और न अन्तरित करेगा;

(ग) किन्ही ऐसे आयुध या गोलाबारूद के, जो इस अनुज्ञप्ति के अन्तर्गत आते हैं, खो जाने या चोरी हो जाने की इत्तिला निकटतम पुलिस थाने में तत्काल देगा; और

(घ) किन्हीं अग्न्यायुध या गोलाबारूद या उनके किसी भाग को (नीचे के टिप्पण मे वर्णित से अन्यथा) तोड़ने या व्ययनित करने के अपने आशय की पूर्व-प्रज्ञापना संबद्ध अनुज्ञापन प्राधिकारी को देगा और ऐसी प्रज्ञापना न देने पर, यह सबूत कि वस्तुएं तोड़ी या व्ययनित की गई हैं, अनुज्ञापन प्राधिकारी के समाधानप्रद रूप में दिया जाएगा।

10. शर्त 8, अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने वाले प्राधिकारी द्वारा, यदि उसे केन्द्रीय सरकार ने ऐसा करने के लिए सशक्त किया है तो, रद्द की जा सकेगी और एक पृष्ठांकन बढ़ाया जा सकेगा जिसमें उन सरकारी आयुध या गोलाबारूद को दिखाया जाएगा जिन्हें अनुज्ञप्तिधारी कब्जे में रखने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

11. जहां अनुज्ञप्ति आखेट के प्रयोजन के लिए अनुदत्त की जाती है वहां अनुज्ञप्तिधारी या प्रतिधारक या शर्त 2 के परन्तुक में निर्दिष्ट कोई विदेशी पर्यटक या अन्य व्यक्ति, या उस अनुज्ञप्ति के अधीन शस्त्र का उपयोग करने वाला कोई अन्य व्यक्ति, ऐसी निषिद्ध आखेट अवधि का अनुपालन करेगा जो शिकारी पक्षियों और जीव-जन्तुओं की बाबत संबद्ध राज्य सरकार द्वारा विहित की जाए।

12(क) अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञपित के नवीकरण के लिए अधिकारिता रखने वाले निकटतम अनुज्ञापन प्राधिकारी को, यदि ऐसा करना आवश्यक हो तो, आवेदन, अपने विकल्प पर, कर सकेगा।

(ख) यदि ऐसा कोई व्यक्ति जिसके पास प्ररूप 3 में की कोई अनुज्ञप्ति है, अपने निवास स्थान में स्थायी-

रूप से या अस्थायी रूप से लगातार तीस दिन से अधिक के लिए परिवर्तन करता है और अनुज्ञप्ति के अन्तर्गत आने वाले शस्त्र को अनुज्ञप्ति के स्तंभ 2 में उपदर्शित से भिन्न स्थान पर अपने साथ ले जाता है तो वह (ऐसे परिवर्तन के तीस दिनों के भीतर ) ऐसे परिवर्तन के बारे में अपने नए निवास स्थान के अनुज्ञापन प्राधिकारी को सूचना भेजेगा साथ ही साथ, यथास्थिति, ऐसे प्राधिकारी को भी सूचना भेजेगा जिसने अनुज्ञप्ति अनुदत्त की थी या उसे अंतिम बार नवीकृत किया था, और मांग किए जाने पर प्रथम वर्णित प्राधिकारी को अनुज्ञप्ति और शस्त्र को अनुज्ञप्तिधारी के नए निवास स्थान की विशिष्टियों को उसमें उपदर्शित करने के लिए अनुज्ञप्ति में आवश्यक प्रविष्टि करने के लिए तुरन्त पेश करेगा।

13. पूर्ववर्ती शर्तों में से किसी भी शर्त के भंग होने पर इस अनुज्ञप्ति की शून्यता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, यह अनुज्ञप्ति शून्य होगी, यदि :—

(क) अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु हो जाए; या

(ख) कोई शस्त्र, जो इस अनुज्ञप्ति के अन्तर्गत आता है :—

(i) बेच दिया जाए या अन्तरित कर दिया जाए; या

(ii) किसी डिक्री के निष्पादन में कुर्क कर लिया जाए।

परन्तु जहां किसी शस्त्र को बेच दिया जाता है या अन्तरित कर दिया जाता है वहां अनुज्ञापन प्राधिकारी ऐसी कालावधि के भीतर जो उस निमित्त उसके द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए और निम्नलिखित के अधीन रहते हुए उस अनुज्ञप्तिधारक को उसी प्रकार के किसी नए शस्त्र को अर्जन करने के लिए अनुज्ञा द सकेगा—

(क) नियम 52 के उपनियम (2) के अधीन यथा अपेक्षित इस प्रकार अर्जित किए गए शस्त्र या अनुज्ञप्ति या दोनों को पूर्वोक्त अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष निरीक्षण के लिए पेश करना, तथा

(ख) इस प्रकार अर्जित किए गए शस्त्र की बाबत विहित अनुज्ञप्ति फीस का संदाय करना।

14. अनुज्ञप्ति अनुदत्त या नवीकृत करने वाले प्राधिकारी को, अनुज्ञप्ति के चालू बने रहने के दौरान किसी भी समय यह पूछताछ करने का अधिकार है कि क्या वह या वे शस्त्र, जिसके या जिनके लिए यह अनुज्ञप्ति अनुदत्त की गई है, अभी भी अनुज्ञप्तिधारी के कब्जे में है या हैं और यह अपेक्षा करने का भी अधिकार है कि ऐसी पूछताछ के प्रयोजनों के लिए उसे या उन्हें पेश किया जाए ।

टिप्पण :—1. इस अनुज्ञप्ति की शर्तों का भंग किया जाना कारावास से, जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो 2000 रुपए तक का हो सकेगा, या दोनों से दण्डनीय है ( अधिनियम की धारा 30 )।

टिप्पण :—2. अनुज्ञप्तिधारियों को यह चेतावनी दी जाती है कि यदि वे किन्हीं ऐसे आयुध या गोलाबारूद को, जो उनके कब्जे में की अनुज्ञप्तियों के अन्तर्गत आते हैं, किसी व्यक्ति को बेचते या अन्तरित करते हैं तो, वे ऐसे विक्रय या अन्तरण की, और साथ ही अन्यायुधों और गोलाबारूद को तथा उस व्यक्ति को, जिसे वे बेचें या अन्तरित किए गए हैं, विशिष्टियों की लिखित इत्तिला अधिकारिता रखने वाले जिला मजिस्ट्रेट को या निकटतम पुलिस थाने के भारसाधक आफिसर को, तत्काल देगा ( आयुध अधिनियम 1959 की धारा 5 )। ऐसी इत्तिला न देना कारावास से, जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी, या जुर्माना से, जो 500 रुपए तक का हो सकेगा, या दोनों से, दण्डनीय है। [ अधिनियम की धारा 25 (3)।]"

[सं. V-11026/143/93-आर्म्स]
अजीत सिंह, अवर सचिव

पाद टिप्पणी :—मुख्य नियम सा. का. नि. 987 तारीख 13 जुलाई, 1962 के तहत अधिसूचित किए गए थे और बाद में निम्नलिखित सा. का. नि. के द्वारा उनका संशोधन किया गया था :—

1. सा. का. नि. 326 तारीख 30-1-1963
2. सा. का. नि. 633 तारीख 23-4-1965
3. सा. का. नि. 1006 तारीख 16-7-1965
4. का. आ. 1461 तारीख 22-4-1967
5. सा. का. नि. 266 तारीख 7-2-1969
6. सा. का. नि. 2475 तारीख 22 10-1969
7. सा. का. नि. 1689 तारीख 9-9-1970
8. सा. का. नि. 278 तारीख 17-2-1975
9. सा. का. नि. 733 तारीख 1-7-1975
10. सा. का. नि. 462 (अ) तारीख 11-8-1976
11. सा. का.नि. 1242 तारीख 11-8-1976
12. सा. का. नि. 695 (अ) तारीख 8-8-1987
13. सा. का. नि. 52 (अ) तारीख 24-1-1989
14. सा. का. नि. 404 (अ) तारीख 28-3-1990
15. सा. का. नि. 755 (अ) तारीख 18-10-1994

अनुसूची 4

(नियम 57 देखिए)

अनुज्ञप्ति के लिए संदेय फीस

| क्रम सं. | प्ररूप सं. | अनुदान के आरम्भिक वर्ष के लिए अनुज्ञप्ति फीस (रुपए में) | प्रत्येक पश्चातवर्ती वर्ष के लिए नवीकरण फीस (रुपए में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 1 | 150 | 50 |
| 2. | 2 | 50 | 10 |
| 3. | 3 (क) पिस्तौल, रिवाल्वर और आवर्तक राइफल | 100 | 50 |
| | (ख) (क) और (ग) में वर्णित राइफल से भिन्न राइफल | 60 | 30 |
| | (ग) रिमदार कारतूस फायर करने वाली .22 बोर की राइफल (धीमा वेग), बी.एल. बन्दूक, हवाई राइफल | 40 | 20 |
| | (घ) एम.एल. बन्दूक, हवाई बन्दूक, तलवार, संगीन, कटार और भाला बल्म | 10 | 05 |
| | (ङ) प्रवर्ग 5 के शस्त्र जो उनसे भिन्न हों जो (घ) में वर्णित हैं | . | . |
| 4 | 3–क | .. | .. |
| 5 | 3–ख | .. | .. |
| 6. | 4 | .. | .. |
| 7. | 5 | .. | .. |
| 8. | 6 | | |
| | (क) पिस्तौल या रिवाल्वर | 100 | 50 |
| | (ख) खण्ड (ग) में वर्णित राइफल से भिन्न राइफल | 60 | 30 |
| | (ग) रिमदार कारतूस फायर करने वाली .22 बोर की राइफल (धीमा वेग), बी.एल. बन्दूक या हवाई राइफल | 40 | 20 |
| | (घ) एम.एल. बन्दूक या हवाई बन्दूक | 10 | 05 |
| 9. | 7 | 20 (प्रत्येक शस्त्र के लिए) | . |
| 10. | 8 | 20 (प्रत्येक शस्त्र के लिए) | . |
| 11. | 9 | 500 | 200 |
| 12. | 10 | | |
| | (क) प्ररूप 9 में अनुज्ञप्ति धारक के लिए | . | .. |
| | (ख) दूसरों के लिए | 200 | 100 |
| 13. | 11 | 300 | 200 |
| 14. | 12 | 300 | 200 |
| 15. | 13 | | |
| | (क) प्ररूप 9 में अनुज्ञप्तिधारकों के लिए | . | .. |
| | (ख) केवल प्रवर्ग 5 के आयुधों के लिए | 50 | 100 |
| | (ग) अन्य आयुधों के लिए | 100 | 100 |
| 16. | 14 | .. | .. |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 17. | 15 | | |
| | (क) अग्न्यायुध और गोलाबारूद | (एक शस्त्र के लिए) 100<br>अन्य मामलों में 500<br>(अर्थात् एक शस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोलाबारूद का परेषण) | |
| | (ख) प्रवर्ग 5 के आयुध (जहां अनुज्ञप्ति अपेक्षित है) | (एक शस्त्र के लिए) 50<br>अन्य मामलों में 100<br>(अर्थात् एक शस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोला बारूद का परेषण) | |
| | (ग) नियम 57(5) के अधीन आयात किए गए गंधक के लिए | | |
| 18 | 16 | | |
| | (क) अग्न्यायुध और गोलाबारूद | (एक शस्त्र के लिए) 100<br>अन्य मामलों में 500<br>(अर्थात् एक शस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोलाबारूद का परेषण) | |
| | (ख) प्रवर्ग 5 के आयुध | (एक शस्त्र के लिए) 50<br>अन्य मामलों में 100<br>(अर्थात् एक अस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोलाबारूद का परेषण) | |
| 19. | 17 | | |
| | (क) अग्न्यायुद्ध और गोलाबारूद | (एक शस्त्र के लिए) 100<br>अन्य मामलों में 500<br>(अर्थात् एक शस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोलाबारूद का परेषण) | |
| | (ख) प्रवर्ग 5 के आयुध | (एक शस्त्र के लिए) 50<br>अन्य मामलों में 100<br>(अर्थात् एक शस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोलाबारूद का परेषण) | |
| 20. | 18 | | |
| | (क) अग्न्यायुध और गोलाबारूद | (एक शस्त्र के लिए) 100<br>अन्य मामलों में 500<br>(अर्थात् एक शस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोलाबारूद का परेषण) | |
| | (ख) प्रवर्ग 5 के आयुध | (एक शस्त्र के लिए) 50<br>अन्य मामलों में 100<br>(अर्थात् एक शस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोला-बारूद का परेषण) | |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 21. | 19 | | |
| | (क) अध्याय IX और गोलाबारूद | (एक शस्त्र के लिए) 100<br>अन्य मामलों में 500<br>(अर्थात् एक शस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोलाबारूद का परेषण) | |
| | (ख) नियम 5 के अधीन | (एक शस्त्र के लिए) 50<br>अन्य मामलों में 100<br>(अर्थात् एक शस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोलाबारूद का परेषण) | |
| | (ग) नियम 35 के अधीन पुनःनियति और पुनःआयात के लिए | (एक शस्त्र के लिए) 50<br>अन्य मामलों में 100<br>(अर्थात् एक शस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोलाबारूद का परेषण) | |
| 22. | 20 | | |
| | (क) अध्याय IX और गोलाबारूद | (एक शस्त्र के लिए) 100<br>अन्य मामलों में 500<br>(अर्थात् एक शस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोलाबारूद का परेषण) | |
| | (ख) नियम 5 के अधीन | (एक शस्त्र के लिए) 50<br>अन्य मामलों में 100<br>(अर्थात् एक शस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोलाबारूद का परेषण) | |
| | (ग) जहां शस्त्र और गोलाबारूद नियम 35 के अधीन पुनःनियति और पुनःआयात के लिए सम्मिलित किए जाते हैं, वहां | (एक शस्त्र के लिए) 50<br>अन्य मामलों में 100<br>(अर्थात् एक शस्त्र से अधिक शस्त्रों का और गोलाबारूद का परेषण) | |
| 23. | 21 | | |
| 24. | 22 | (प्रत्येक शस्त्र के लिए) 50 | |

## MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 19th December, 1997

G.S.R. 1.—In exercise of the powers conferred by Section 44 of the Arms Act, 1959 (54 of 1949), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Arms Rules, 1962, namely :—

1. (1) These rules may be called the Arms (Amendment) Rules, 1997.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Arms Rules, 1962 (hereinafter referred to as the said rules) in rule 47, for sub-rule (4), the following sub-rule shall be substituted, namely :—

"(4) The depositor may be charged a fee for the custody of the articles deposited at the following rates :

1. For each firearm—Fifty rupees per year or portion thereof.

2. For every other weapon or package of ammunition.—Rs. 25 per year or portion thereof.

Any extra charges for maintenance of the articles in good condition may be levied at such rates as may be fixed from time to time by the State Government."

3. In the said rules, in rule 57,—

(i) in sub-rule (1), for clause (a), the following clause shall be substituted, namely :—

"(a) Every licence granted or renewed under these rules shall, save as herein otherwise expressly

provided, be chargeable with the fee (if any) specified in Schedule—IV.";

(ii) in sub-rule (2), in clause (b), for letters and figure "Rs. 5" the letters and figure "Rs. 100" shall be substituted.

4. In the said rules, in rule 58,—

(i) in clause (a), for letters and figure "50 np" the letters and figure "Rs. 50" shall be substituted;

(ii) in clause (b), for the words "one rupee" the letters and figure "Rs. 100" shall be substituted.

5. In the said rules, in rule 59,—

(i) in clause (a)—

(a) for letters and figure "Rs. 10" the letters and figure "Rs. 100" shall be substituted,

(b) for letters and figure "Rs. 5" the letters and figure "Rs. 50" shall be substituted;

(ii) in clause (b), for letters and figure "Rs. 5", the letters and figure "Rs. 50" shall be substituted.

6. In Schedule III,—

(i) in Forms I, II, II(A), IV, V, VI, VII, VIII, IX, X, XI, XII, XIII, XIV, XV, XVI, XVII, XVIII, XIX, XX, XXI, and XXII, the word fee and entries relating thereto shall be omitted;

(ii) for Form III, the following form shall be substituted, namely,—

"Form III

Licence for the acquisition, possession and carrying of arms or ammunition for sport/protection/display*

I. The fees payable in respect of the initial grant and each subsequent year of grant or renewal of licences in this Form shall be at the rates as shown against Sl. No. 3 under Schedule IV.

II. The reduced fees for renewal will ordinarily be available only if application for renewal is made within one month after the date of expiry of the licence and if application is not made within that period, the licensing authority may in his discretion, levy—

(a) Full fee as for initial grant of the licence; and

(b) if he is satisfied that the delay is not justifiable or excusable, not serious enough to warrant revocation of the licence or prosecution of the licensees, a late fee not exceeding the amount of the licence fee if fee is charged, or Rs. 100 in other cases, unless he considers it not necessary to renew the licence.

III. Where a licence in this Form is granted or renewed for a period exceeding one year, the fee shall be calculated at the rates prescribed against Sl. No. 3 under Schedeule IV, fractions of a year being reckoned as one whole year for the purpose :

(i) Provided that the fee shall be—

(a) The actual rates prescribed against Sl. No. 3 under Schedule IV for initial grant in respect of the first year; and

(b) The annual rate prescribed against Sl. No. 3 under Schedule IV for renewal in respect of each year or part thereof beyond the first year.

| Serial No. of licence | Name, description and residence of licensee | Arms and ammunition that licensee is entitled to possess | | | Name, father's name and address of retainer (if any) covered by the licence |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Brief description of each weapon with details e.g. identification marks, register number, etc. | Quantity & description of each kind of ammunition | | |
| | | | to be possessed at any one time | purchaseable during the year | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

| Arms or ammunition that retainer is entitled to possess | | Area within which the licence is valid | **Date on which licence expires | Date on which the licence or the arms or both shall be produced for inspection before licensing authority under Rule 52(2) |
|---|---|---|---|---|
| Arms | Ammunition | | | |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |

रजिस्ट्री सं० डी० एल-33001/97

REGISTERED NO. D. L.—33001/97

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 8] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 21, 1998/ फाल्गुन 2, 1919
No. 8] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 21, 1998/PHALGUNA 2, 1919

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालय (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र, प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप नियम आदि सम्मिलित हैं)
General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)

विधि एवं न्याय मंत्रालय
(न्याय विभाग)

नई दिल्ली, 12 जनवरी, 1998

सा.का.नि. 26.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 222 के खंड (2) के अनुसरण में राष्ट्रपति एतद्द्वारा निम्नलिखित आदेश करते हैं अर्थात् :—

कि गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायविद सर्वश्री श्री कोनाकुपाकाटिल गोपिनाथन बालाकृष्णन, श्री कुन्दन सिंह, श्री दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव जिन्हें क्रमशः केरल व इलाहाबाद उच्च न्यायालयों से स्थानांतरित किया गया है, गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में अपनी सेवा अवधि के दौरान अपने वेतन के अतिरिक्त 2000 रु. (केवल दो हजार रु०) अथवा वेतन का 10% इनमें से जो भी अधिक हो, प्रति माह की दर से प्रतिपूरक भत्ता प्राप्त करने के हकदार होंगे।

[सं. के.-11017/10/96-यू.एस.-II]
एम. एम. सिन्हा, अवर सचिव

MINISTRY OF LAW AND JUSTICE
(Department of Justice)

New Delhi, the 12th January, 1998

G.S.R. 26.—In pursuance of Clause (2) of Article 222 of the Constitution of India, the President hereby makes the following order namely :—

That S/Shri Justices Konakuppakattil Gopinathan Balakrishnan, Kundan Singh and Dinesh Chandra Srivastava, Judges of the Gujarat High Court, who have been transferred from the Kerala and Allahabad High Courts respectively, shall be entitled to receive in addition to their salaries, a compensatory allowance at the rate of Rs. 2000 (Rupees two thousand) per mensum, or 10 per cent of salary, whichever is more, for the period of their services as Judges of the Gujarat High Court.

[No. K-11017/10/96-US-II]
M. M. SINHA, Under Secy.

5. The licensee or any retainer acting under this licence shall not carry any arms covered thereby otherwise than in good faith for the purpose of sport/protection/display and, save where he is specially authorised in this behalf by the district magistrate concerned, he shall not take any such arms to a fair, religious procession or other public assemblage (or within the campus or precincts of any educational institution).

6. The licensee, at the time of purchasing any arms or ammunition shall cause the following particulars to be endorsed upon his licence under the vendor's signature, namely—

(a) the name, description and residence of the person who takes delivery of the articles purchased;

(b) the nature and quantity of the articles purchased; and

(c) the date of purchase;

and if the arms or ammunition are purchased from any person other than a licensed dealer, shall also cause the particulars specified in clauses (b) and (c) to be furnished in writing to the authority who granted this licence within such period as may be prescribed for this purpose by such authority. No purchase of ammunition shall, however, be permitted except on written certificate from the licensee certifying that with the amount proposed to be purchased, the total quantity of ammunition in his possession will not exceed the maximum which he is entitled to possess at any one time, or his total allowance for the year.

7. He shall not purchase ammunition of any kind in excess of the maximum which may from time to time be fixed by the Central Government. Such maximum may be prescribed both for the amount purchasable in a calendar year and for the amount that may be possessed at any one time. If, however, a licensee exhausts the total quantity of ammunition purchasable in a year earlier than the close of the year, he may for good and sufficient reasons be given a temporary increase in the total quantity purchasable at the discretion of the licensing authority.

8. He shall not possess Government arms and ammunition.

Explanation—For the purpose of this condition—

(a) "Government arm" means a firearm or other weapon which is the property of the Government; and

(b) "Government ammunition" means ammunition manufactured in any Government factory, or prepared for and supplied to Government other than such ammunition as may be released by Government for civilian use.

9. The licensee shall—

(a) on demand by an authorised officer produce the arms possessed under this licence;

(b) not sell or transfer any arms or ammunition or any part thereof covered by this licence to any person not lawfully entitled to possess them;

(c) forthwith give information at the nearest police station of the loss or theft of any arms or ammunition covered by this licence; and

(d) give prior intimation to the licensing authority concerned of his intention to break up or dispose of any firearms or ammunition or any part thereof (otherwise than as mentionted in note below); failing which, proof of the articles having been broken up or disposed of will have to be furnished to the satisfaction of the licensing authority.

10. Condition 8 may be cancelled by the authority granting the licence if empowered to do so by the Central Government, and an endorsement added showing the Government arms or ammunition which the licensee is authorised to possess.

11. Where the licence is granted for the purpose of sport, the licensee or any other retainer or any foreign tourist or other person referred to in the proviso to condition 2 or any other person using the weapon under the licence shall observe such close season as may be prescribed by the State Government concerned in respect of the gamebirds and animals.

12. (a) The licensee may, at his option apply to the nearest licensing authority having jurisdiction for renewal of the licence as and when it becomes necessary.

(b) If a person who holds a licence in form III changes his place of residence, permanently, or temporarily for more than thirty consecutive days, and carries with him the weapon covered by the licence, to a place other than that indicated in column 2 of the licensee, he shall (within thirty days of such change), send intimation about such change to the licensing authority of the place of his new residence as well as to the authority which granted the licence or last renewed it, as the case may be, and shall, on demand, forthwith produce the licence and the weapon to the first mentioned authority for making necessary entry in the licence to indicate therein the particulars of the new residence of the licensee.

13. Without prejudice to the voidance of this licence for breach of any of the foregoing conditions, it shall be void if—

(a) the licensee dies, or

(b) any weapon covered thereby—

(i) is sold, or transferred, or

(ii) is attached in execution of a decree;

Provided that where a weapon is sold or transferred the licensing authority may permit the holder of the licence to acquire a fresh weapon of the same description within such period as may be specified by him in this behalf and subject to—

(a) the production of the weapon so acquired or the licence or both before the aforesaid licensing authority for inspection as required under sub-rule (2) of rule 52, and

(b) the payment of the prescribed licence fee in respect of the weapon so acquired.

14. The authority granting or renewing the licence has the right to enquire at any time during the currency of the licence whether the weapon or weapons for which it has been granted is or are still in the possession of the licensee and to require its or their production for the purposes of such enquiry.

NOTE 1.—Any breach of the conditions of this licence *is punishable with imprisonment for a term which may extend to* six months or with fine which may extend *to* Rs. 2,000/- or with both (section 30 of the Act).

NOTE 2.—Licensees are warned that in case they sell or transfer any arms or ammunition covered by the licences possessed by them to any person, they shall forthwith inform in writing the district magistrate having jurisdiction or the officer-in-charge of the nearest police station, of such sale or transfer, together with the particulars of the firearms and ammunition and the person to whom they have been sold or transferred (section 5 of the Arms Act, 1959). Failure to give such information is punishable with imprisonment for a term which may extend to six months or with fine which may extend to Rs. 500 or with both [section 25(3), of the Act]."

[No. V-11026/143/93-ARMS]

AJIT SINGH, Under Secy.

FOOT NOTE :

The principal rules were noticed vide G.S.R. No. 987 dated the 13th July, 1962 and were subsequently amended vide the following notifications :

1. GSR 326 dated 30-1-1963
2. GSR 633dated 23-4-1965
3. GSR 1006 dated 16-7-1965

4. SO 1461 dated 22-4-1967
5. GSR 266 dated 7-2-1969
6. GSR 2475 dated 22-10-1969
7. GSR 1689 dated 9-9-1970
8. GSR 278 dated 17-2-1975
9. GSR 733 dated 1-7-1975
10. GSR 462 (E) dated 11-8-1976
11. GSR 1242 dated 11-8-1976
12. GSR 695 (E) dated 8-8-1987
13. GSR 52 (E) dated 24-1-1989
14. GSR 404 (E) dated 28-3-1990
15. GSR 755 (E) dated 18-10-1994

## SCHEDULE IV

(*See* Rule 57)

Fees payable for licences

| S. No. | Form No. | Licence fee for initial year of grant (In Rs.) | Renewal fee for each subsequent year (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | I | 150 | 50 |
| 2. | II | 50 | 10 |
| 3. | III | | |
| | (a) Pistols, revolvers and repeating rifle | 100 | 50 |
| | (b) Rifles other than those mentioned in (a) and (c) | 60 | 30 |
| | (c) .22 bore rifle (low velocity) firing rimmed cartridges, BL gun and air-rifle. | 40 | 20 |
| | (d) ML gun, air gun, sword, bayonet, dagger and spearlance. | 10 | 05 |
| | (e) Weapons of category V other than those mentioned in (d). | — | — |
| 4. | III–A | — | — |
| 5. | III–B | — | — |
| 6. | IV | — | — |
| 7. | V | — | — |
| 8. | VI | | |
| | (a) Pistol or Rev. | 100 | 50 |
| | (b) Rifle other than those mentioned in (c) | 60 | 30 |
| | (c) .22 bore rifle (low velocity) firing rimmed ctdgs. BL gun or rifle. | 40 | 20 |
| | (d) ML gun or air-gun | 10 | 05 |
| 9. | VII | 20 (for each weapon) | — |
| 10. | VIII | 20 (for each weapon) | — |
| 11. | IX | 500 | 200 |
| 12. | X | | |
| | (a) to a holder of licence in form–IX | — | — |
| | (b) to others | 200 | 100 |
| 13. | XI | 300 | 200 |
| 14. | XII | 300 | 200 |
| 15. | XIII | | |
| | (a) To the holders of a licence in form IX | — | — |
| | (b) For arms of Cat. V only | 50 | 100 |
| | (c) Otherwise | 100 | 100 |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 16. | XIV | | |
| 17. | XV | — | — |
| | (a) Firearms and ammun. | 100 (for single weapon)<br>500 in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition) | |
| | (b) Arms of Cat. V (where a licence is required) | 50 (for single weapon)<br>100 (in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition). | |
| | (c) For sulphur imported under Rule 57 (5) | — | — |
| 18. | XVI | | |
| | (a) Firearms and ammun. | 100 (for single weapon)<br>500 in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition). | |
| | (b) Arms of Cat. V | 50 (for single weapon)<br>100 in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition). | |
| 19. | XVII | | |
| | (a) Firearms and ammun. | 100 (for single weapon)<br>500 in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition). | |
| | (b) Arms of Cat. V | 50 (for single weapon)<br>100 in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition). | |
| 20. | XVIII | | |
| | (a) Firearms and ammun. | 100 (for single weapon)<br>500 in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition). | |
| | (b) Arms of Cat. V | 50 (for single weapon)<br>100 in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition). | |
| 21. | XIX | | |
| | (a) Fircarms and ammunition | 100 (for single weapon)<br>500 in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition). | |
| | (b) Arms of Cat. V | 50 (for single weapon)<br>100 in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition). | |
| | (c) For re-export and re-import under Rule 35 | 50 (for single weapon)<br>100 in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition). | |
| 22. | XX | | |
| | (a) Firearms and Ammun. | 100 (for single weapon)<br>500 in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition). | |
| | (b) Arms of Cat. V | 50 (for single weapon)<br>100 in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition). | |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| | | (c) Where the arms or ammunition are transported for re-export and re-import under Rule 35. | 50 (for sirgle weapon)<br>100 in other cases (i.e. consignment of more than one weapon and of ammunition) |
| 23. | XXI | | |
| 24. | XXII | | 50 (for each weapon) |

शुद्धि पत्र

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर, 1997

सा०का०नि०—2.—भारत के राजपत्र भाग II, खंड (i) में दिनांक 10 अगस्त, 1996 को प्रकाशित भारत सरकार गृह मंत्रालय की 9 अप्रैल, 1996 की अधिसूचना सा०का०नि सं० 334 के प्रथम कालम "लघु शीर्ष और प्रारंभ" में 1995 के स्थान पर 1996 पढ़ा जाएगा । इसी प्रकार अनुसूची के दूसरे कालम "सभी श्रेणियों के पद" में भी 1995 के स्थान पर 1996 पढ़ा जाएगा ।

[सं०-9-4/91-सी०एफ०एस०एल०/डी.पी.सी./सी०एस०आर०]

पी० सी० रस्तोगी, निदेशक (एस०पी०)

CORRIGENDUM

New Delhi, the 22nd December, 1997

G.S.R. 2.—In the Notification of Government of India in the Ministry of Home Affairs, G.S.R. No. 334, dated the 9th April, 1996 published in the Gazette of India, Part-II, Section (i) dated 10th August, 1996 in the first column, in the "short title & commencement", for 1995 read 1996. Also in the second column of the schedule in all caetgories of post for 1995, read 1996.

[No. 9-4/91-CFSL/DPC/CSR]

P. C. RASTOGI, Director (SP)

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर, 1997

सा.का.नि. 3—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय राजस्व सेवा नियम, 1988 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय राजस्व सेवा (संशोधन) नियम, 1997 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. भारतीय राजस्व सेवा नियम, 1988 में,—

(क) नियम 9 में,—

(i) शीर्षक में, "(कनिष्ठ वेतनमान)" कोष्ठक और शब्दों का लोप किया जाएगा; और

(ii) "सहायक आयकर आयुक्त (कनिष्ठ वेतनमान)" शब्दों और कोष्ठकों के स्थान पर "सहायक आयकर आयुक्त" शब्द रखे जाएंगे ;

(ख) नियम 10 में "ज्येष्ठ वेतनमान" शब्दों का लोप किया जायेगा।

[फा.सं. ए-12018/1/95-ए डी-6]

जे. एल. साहनी, अवर सचिव

टिप्पण : मूल नियम सा.का.नि. 563(अ), तारीख 12 मई, 1988 द्वारा प्रकाशित किए गए थे और तत्पश्चात् सा.का.नि. 295, तारीख 14 जून, 1995 द्वारा उसमें संशोधन किए गए।

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 10th December, 1997

G.S.R. 3.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Indian Revenue Service Rules, 1988, namely :—

1. (1) These rules may be called the Indian Revenue Service (Amendment) Rules, 1997.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Indian Revenue Service Rules, 1988,—

(a) in rule 9,—

(i) in the heading, the brackets and words "(Junior Scale)" shall be omitted ; and

(ii) for the words and brackets "Assistant Commissioner of Income-tax (Junior Scale)", the words "Assistant Commissioner of Income-tax" shall be substituted ;

(b) in rule 10, the words "Senior Scale" shall be omitted.

[F. No. A-12018/1/95-Ad.VI]

J. D. SAWHNEY, Under Secy.

NOTE : The principal rules were published vide G.S.R. 563(E) dated the 12th May, 1988 and subsequently amended vide G.S.R. 295 dated 14th June, 1995.

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 18 दिसम्बर, 1997

सा०का०नि०.. 4:—राष्ट्रपति एतद्द्वारा मूल नियमों के नियम 45 के उपबंधों के अनुसरण में बैंक नोट प्रेस देवास के कर्मचारियों के लिए आवास के आवंटन को शासित करने वाले निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात्

विभाजन :—प्रेस के कर्मचारियों को या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अन्य विभागों में कार्यरत और प्रेस के लिए काम कर रहे कर्मचारियो को महा प्रबंधक बैंक नोट प्रेस देवास के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत आवासों का आवंटन ।

एस० आर० 317–बी०एन०पी–1 :—संक्षिप्त शीर्षक, प्रारम्भ तथा प्रयोज्यता :—(1) इन नियमों को सरकारी आवासों का आवंटन (बैंक नोट प्रेस, देवास) नियमावली, 1997 कहा जाएगा ।

(2) वे सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

(3) वे बैंक नोट प्रेस कालोनी, देवास में आवास के आबंटन के लिए लागू होंगे ।

एस०आर० 317–बी०एन०पी०–2 :—परिभाषाएं :—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) आवंटन, का अभिप्राय इन नियमों के उपबंधों के अनुसार आवास का अधिग्रहण करने के लिए लाइसेंस प्रदान करना है ।

(ख) "आवंटन वर्ष" का अभिप्राय पहली जनवरी से अथवा ऐसी अन्य अवधि जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित की जाये, आरम्भ होने वाला वर्ष है ;

(ग) "प्रेस" से अभिप्राय बैंक नोट प्रेस, देवास से है ;

(घ) "सक्षम प्राधिकारी" से तात्पर्य महाप्रबंधक है और बैंक नोट प्रेस, देवास के इसमें उप महा प्रबंधक या मुख्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं ;

(ङ) "पात्र कार्यालय" का अभिप्राय बैंक नोट प्रेस, देवास अथवा केवल ऐसे कर्मचारियों के सम्बन्ध में जो देवास में रहते हैं तथा बैंक नोट प्रेस देवास में कार्य कर रहे है, केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार के अन्य विभाग हैं ।

(च) "परिलब्धियां" का अभिप्राय जैसा कि मूल नियम-9(21)(क)(1) में यथा परिभाषित वेतन से है ;

स्पष्टीकरण :—

ऐसे कर्मचारी के मामले में, जो कि निलम्बित किया गया हो, उसके द्वारा आवंटन वर्ष, जिसमें उन्हें निलम्बित किया गया है, के पहले दिन प्राप्त की गई परिलब्धियां या यदि उन्हें आवंटन वर्ष के पहले दिन निलम्बनाधीन है तो उस तारीख से तुरन्त पहले उनके द्वारा प्राप्त की गई परिलब्धियां ही उसकी परिलब्धियों के रूप में मानी जाएंगी ,

(छ) "परिवार" से आशय पत्नी या पति, जैसा भी मामला हो, और बच्चे, सौतेले बच्चे, कानूनी रूप से गोद लिए गए बच्चे, माता पिता, भाई या बहन है, जो कि सामान्यता कर्मचारी के साथ रहते है और उस पर आश्रित हैं,

(ज) "सरकार" से आशय केन्द्रीय सरकार से है जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(झ) "लाइसेंस शुल्क" से तात्पर्य इन नियमों के तहत आवंटित किसी आवास के सम्बन्ध में मूल नियमो के उपबन्धों के अनुसार मासिक रूप से अदा की जाने वाली राशि से है ;

(ञ) किसी कर्मचारी को आवास के प्रकार, जिस के लिए वह एस०आर०-317–बी- 5 के तहत पात्र है के सम्बन्ध में पूर्विकता तारीख का अभिप्राय, वह सर्वप्रथम तारीख है जिससे वह निरन्तर सेवा में है तथा केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार या छुट्टी की अवधि के अलावा बाध्य सेवा के अन्तर्गत किसी पद पर किसी विशेष श्रेणी या उच्चतर श्रेणी से संबंद्ध परिलब्धियां प्राप्त कर रहा है ।

परन्तु यह कि जहां दो या उससे अधिक कर्मचारियों की पूर्विकता तारीख एक हो, उनके बीच वरिष्ठता परिलब्धियों द्वारा निर्धारित की जाएगी ; अधिक परिलब्धियां प्राप्त करने वाले कर्मचारियो को कम परिलब्धियां पाने वाले कर्मचारियों पर तरजीह दी जाएगी ; जहां सेवा-काल की अवधि के आधार पर परिलब्धियां समान हो और जहां परिलब्धियां और सेवाकाल की अवधि कर्मचारी के वेतनमान के आधार पर समान हो तो अधिक वेतनमान वाले पद पर काम करने वाले अधिकारी को कम वेतनमान प्राप्त करने वाले अधिकारी पर तरजीह दी जाएगी और जहां सभी स्थितियां समान हों वहां वरिष्ठता जन्म की तारीख के अनुसार निर्धारित की जाएगी और जहां जन्म की तारीख भी समान हो वहां वरिष्ठता कर्मचारी के नाम के आरम्भ के अक्षर के अनुसार तय की जाएगी ;

(ट) "आवास" से अभिप्राय उस समय तक के लिए समक्ष प्राधिकारी के प्रशासनिक नियंत्रण में फिलहाल के लिए कोई आवास है, जब तक वहां काम करता है ;

(ठ) "किराए पर देने" से तात्पर्य है किसी आबंटी द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के साथ, उस अन्य व्यक्ति द्वारा लाइसेंस शुल्क को अदा करने या अदा किए बिना आवास में भागीदारी करना ;

स्पष्टीकरण :—

किसी आबंटी द्वारा निकट सम्बन्धियों के साथ आवास में भागीदारी करने को किराए पर देना नहीं माना जाएगा ।

(ड) "अस्थायी स्थानान्तरण" से अभिप्राय ऐसे स्थानान्तरण से है जिसमें कम से कम चार महीने की अवधि के लिए अनुपस्थित रहना शामिल है ;

(ढ) "स्थानान्तरण" से अभिप्राय है बैंक नोट प्रेस, देवास से बाहर स्थानान्तरण या बैंक नोट प्रेस से सम्बन्धित कार्य या उससे जुड़े कार्य से स्थानान्तरण है ;

(ण) किसी कर्मचारी के सम्बन्ध में श्रेणी से तात्पर्य आवास की उस श्रेणी से है जिसके लिए वह एस०आर० 317-बी-5 के तहत पात्र है ।

एस०आर० 317-बी०एन०पी०-3 :—स्वयं के स्वामित्व वाले घर के मालिक कर्मचारियों को आवंटन :—1. इस नियम में,

(क) "संलग्न नगर पालिका" का अर्थ स्थानीय नगर निगम से लगी हुई कोई नगर पालिका है ;

(ख) किसी कर्मचारी या उसके परिवार के सदस्य के सम्बन्ध में "घर" से तात्पर्य है कोई भवन या उस का भाग जो आवासीय उद्देश्य के लिए प्रयुक्त होता हो तथा स्थानीय नगर पालिका (या किसी संलग्न नगर पालिका) के अधिकार क्षेत्र में स्थित हो ।

स्पष्टीकरण :—

एक भवन जिसका कोई भाग आवासीय उद्देश्यों के लिए प्रयोग किया जा रहा है उसे इसके बावजूद कि उसका कोई भाग गैर-आवासीय उद्देश्यों के लिए प्रयुक्त किया जा रहा है, इस खंड के प्रयोजनार्थ घर माना जाएगा ।

(ग) किसी कर्मचारी के सम्बन्ध में स्थानीय नगरपालिका से अभिप्राय है वह नगर पालिका जिसके अधिकार क्षेत्र में उस का कार्यालय स्थित है ;

(घ) कर्मचारी के सम्बन्ध में "परिवार के सदस्य" से अभिप्राय पत्नी या पति है जैसा भी मामला हो या कर्मचारी पर आश्रित बच्चे से है ।

(ङ) "नगर पालिका" में कोई नगर निगम, कोई नगर पालिका समिति या बोर्ड, कोई शहरी क्षेत्र समिति, कोई अधिसूचित क्षेत्र समिति और कोई छावनी बोर्ड शामिल है ।

2. यदि किसी कर्मचारी का उस के कार्य करने के स्थान पर या संलग्न नगर पालिका क्षेत्र में उस के अपने नाम पर या परिवार के किसी सदस्य के नाम पर घर है तो भी वह उस दर पर, जो सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाती है, उन्हें आबंटित सरकारी आवास के लिए लाइसेंस शुल्क के भुगतान पर सरकारी आवास का आवंटन पाने का पात्र होंगे ।

